## महत्वपूर्ण एवं खास

### कक्षा 10 वीं के गणित विषय की परीक्षा में 20690 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा 2020 अंतर्गत रायगढ़ जिले में आज कक्षा 10 वीं गणित विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें 21522 दर्ज परीक्षार्थियों में 20690 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 832 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### भानुप्रताप की सर्पदंश से मृत्यु, पत्नी को सहायता राशि स्वीकृत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तहसील खरसिया के ग्राम किरीतमाल निवासी भानुप्रताप डनसेना की 22 जून 2018 को सर्पदंश से असामायिक मृत्यु हो गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक की पत्नी खीरकुमारी को 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### शास.उद्यान रोपणी में रखे अनुपयोगी सामग्री की नीलामी 19 मार्च को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय उद्यान रोपणी बोईरदादर रायगढ़ में रखे अनुपयोगी सामग्री ट्रेक्टर एक नग, मोटर सायकल दो नग, डीजल पंप 13 नग एवं विद्युत पंप 2 नग की नीलामी 19 मार्च को दोपहर 1 बजे की जाएगी। नीलामी की शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी सहायक संचालक उद्यान कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### जवाहर उत्कर्ष योजनान्तर्गत हुई परीक्षा की मेरिट सूची जारी

**» मेरिट सूची के संबंध में 16 मार्च तक कर सकते है दावा-आपत्ति**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जवाहर उत्कर्ष योजनान्तर्गत सत्र 2020-21 के कक्षा 6 वीं में प्रवेश चयन परीक्षा 7 मार्च 2020 को आयोजित की गई थी। जिसमें उत्तर पुस्तिका की जांच कर मेरिट सूची जारी कर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में चस्पा की गई है। छात्र-छात्राएं सूची में अपना नाम व अंक देख सकते है एवं नाम में त्रुटि होने पर संशोधन हेतु दावा-आपत्ति 16 मार्च 2020 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है।

### एआईटीटी परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 13 को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सीटीएस के अंतर्गत एआईटीटी (सेमेस्टर/वार्षिक) माह-अप्रैल 2020 हेतु शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 13 मार्च 2020 निर्धारित की गई है। अनुत्तीर्ण भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी विस्तृत जानकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में प्राप्त कर सकते है।

### भारतीय खेल प्राधिकरण की 'वन स्टेट वन गेम' योजना के तहत छत्तीसगढ़ को मिला 'आरचरी' खेल

**रायपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा सभी 28 राज्य व केन्द्र शासित प्रदेशों से 'वन स्टेट वन गेम' योजना के तहत खेल का प्रस्ताव चाहा गया था। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण 'वन स्टेट वन गेम' योजना के तहत 'आरचरी, बैडमिंटन एवं हॉकी का प्रस्ताव भारतीय खेल प्राधिकरण को प्रेषित किया गया था, जिसमें से आरचरी खेल को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए स्वीकृत किया गया है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 'वन स्टेट वन गेम' योजना के तहत छत्तीसगढ़ को आरचरी खेल आबंटित किया गया है। 2024 ओलंपिक में मेडल जीतने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत आरचरी खेल के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए जाएंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा इस सेंटर के लिए कोचिंग, स्पोर्ट्स साईंस, स्पोर्स्टस से संबंधित तकनीकी जानकारी तथा प्रतिस्पर्धा के माध्यम से प्रदर्शन कौशल तरासने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है।

# जनता की भागीदारी से होगा अरपा का संवर्धन, एक्शन प्लान बनेगा - हर 15 दिन में होगी बैठक

**रायपुर।** अरपा नदी सदा बहती रहे इसके लिए 15 दिन के अंदर कोर कमेटी गठित की जायेगी और एक्शन प्लान बनाया जायेगा। इसके लिए हर 15 दिन में बैठक होगी। अरपा नदी के संवर्धन के लिए व्यापक अभियान चलाया जायेगा जिसमें जन-भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।



मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, बिलासपुर के विधायक श्री शैलेष पांडेय, नगर-निगम के महापौर श्री रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान की उपस्थिति में आज बिलासपुर कलेक्टोरेट में कलेक्टर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि अरपा के संरक्षण के लिए उद्गम स्थल से कार्य शुरू किया जायेगा। बैठक में अरपा में जल संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने बताया कि अरपा नदी में जल संवर्धन के लिए बिलासपुर डायवर्सन से पचरी घाट तथा इंदिरा सेतु से शिव घाट के बीच दो बैराज बनाये जाएंगे। इसके लिये 39 करोड़ की योजना बनाई गई है जिसका सर्वेक्षण पूरा हो गया है। अभी ड्राइंग और डिजाइन का कार्य चल रहा है। उन्होंने इसका विस्तार से प्रेजेन्टेशन दिया। जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान करते हुए कहा कि बैराज से किसी के घर, रपटे या पुल को कोई नुकसान नहीं होगा। इसमें करीब तीन मीटर जल भराव होगा। इसके बन जाने से देवरीखुर्द से रामकृष्ण आश्रम कोनी तक बारहों माह अरपा में पानी रहेगा। नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पांडेय ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत अरपा नदी के समानान्तर रिवर व्यू सड़क और ड्रेन का विकास किया जायेगा। वन मंडलाधिकारी ने बताया कि नरवा विकास योजना के तहत 14 नालों का उपचार किया जा रहा है, ये सभी नाले अरपा नदी में आकर मिलते हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने श्री रीतेश अग्रवाल ने बताया कि नरवा गरुवा घुरूवा और बाड़ी योजना के तहत 14 नालों को वैज्ञानिक तरीके से उपचारित करने के लिए डीपीआर बनाया गया है। इनमें 3500 स्ट्रक्चर प्रस्तावित हैं। कैचमेंट एरिया पर भी कार्य किया जायेगा।

**» अरपा नदी के विकास को लेकर वेबसाइट बनेगी**

मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि अरपा नदी के विकास की योजना की जानकारी आपस में साझा करने के लिए वेबसाइट तैयार की जायेगी, जिसमें बिना भेदभाव सबके सुझाव लिये जायेंगे। अरपा का काम तेजी से चले इसके लिए 10 सदस्यों की कोर टीम बनेगी। श्री शर्मा ने सुझाव दिया कि अरपा डायवर्सन के पास जमा होने वाली जलकुंभी को खत्म करने के लिए वहां कमल के पौधे लगाये जायें। यह पौधे जलकुंभियों से नदी को बचाएंगे।

### जल संसाधन मंत्री श्री चौबे ने धमतरी जिले के जलाशयों का किया निरीक्षण

**रायपुर।** जल संसाधन एवं आयाकट मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज धमतरी जिले में स्थित मुरूमसिल्ली और रविशंकर जलाशय तथा रूद्री बैराज का अवलोकन किया। श्री चौबे ने साइफन पद्धति से निर्मित बांध मुरूमसिल्ली जलाशय के भर जाने पर स्वचालित गेट खुलने के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी ली। इसके बाद वे रविशंकर जलाशय का पानी छोड़ने के लिए बनाए गए रेडियल गेट के स्ट्रक्चर का अवलोकन किया। मंत्री श्री चौबे को निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वर्तमान में गंगरेल जलाशय में जलभराव का प्रतिशत 76.62 है।

### राज्यपाल एवं पुलिस महानिदेशक ने परिसहाय बंसल को प्रमोशन बैच लगाया



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके एवं पुलिस महानिदेशक श्री डीएम अवस्थी ने राज्यपाल के परिसहाय श्री त्रिलोक बंसल की पदोन्नति होने पर उन्हें प्रमोशन बैच लगाया। राज्यपाल और श्री अवस्थी ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है श्री बंसल 2016 बैच के अखिल भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी है।

### दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने वाली टीम के 4 पुलिसकर्मी चुने गए कॉप ऑफ द मंथ

**» टीआई विवेक पाटले, एसआई शशि देव भोय, आरक्षक जगमोहन ओग्रे एवं अखिलेश कुशवाहा संयुक्त कॉप ऑफ द मंथ**

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा महिला संबंधी संवेदनशील अपराध जिसमें ओडिशा के पूर्व विधायक का नाम आने से प्रकरण हाई प्रोफाइल बना हुआ था।

प्रकरण में उत्कृष्ट विवेचना कर संबंधित प्रकरण थाना चक्रधरनगर के अपराध क्रमांक 158/2016 धारा 302, 201 भादवि में आरोपी ओडिशा के पूर्व विधायक अनूप कुमार साय व उसके वाहन चालक बर्मन टोपो को गिरफ्तार कर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन, मोबाइल सिम व अन्य आलाजरब जप्त किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर उपरोक्त अपराध का खुलासा किए जाने के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल एवं उत्साहवर्धन हेतु प्रति माह घोषित किए जाने वाले कॉप ऑफ द मंथ, फरवरी/ 2020 के लिए इस प्रकरण का खुलासा करने में अहम भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक विवेक पाटले, सहायक उपनिरीक्षक शशि देव भोय, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, एवं आरक्षक अखिलेश कुशवाहा को चुना गया है।

जिन्हें पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा पांच रू. 500- रू. 500 के नगद राशि से पुरस्कृत किया गया है। विदित है कि इस प्रकरण का खुलासा करने वाली टीम को रू. 20,000 का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा रेंज पुलिस महानिरीक्षक दीपांशु काबरा द्वारा भी किया गया है, जिसे भी शीघ्र विवेचना टीम के सदस्यों को दिया जावेगा।

**» आकर्षक, मनमोहक और सजावटी सामानों की बढ़ रही मांग**

### सीसल शिल्प बना महिलाओं की पहली पसंद

**रायपुर।** सीसल शिल्प के आकर्षक और मनमोहक, सजावटी एवं उपयोगी सामान महिलाओं की पहली पसंद बन गई है। लोकप्रियता के साथ ही इन उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ के साथ ही प्रदेश के बाहर में आयोजित होने वाले हस्तशिल्प मेलों में सीसल शिल्प के उत्पाद फ्रूट-ट्रे, हैंगर, बेबी डॉल, मैप, टी-कोस्टर, फूट-रेस्ट, पेपर होल्डर, मैगजीन-हैंगर आदि सामग्रियां लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं।


हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीसल शिल्प के उत्पाद किफायती होने के साथ-साथ आकर्षक और मनमोहक रंगों में सजावटी एवं उपयोगी सामान तैयार किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य जनजातीय बाहुल्य होने के साथ ही विविध



प्रकार की कला एवं संस्कृति की विरासत रही है। जनजाति बाहुल्य जिला बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर से 15 किलोमीटर दूर परचनपाल ग्राम और परचनपाल से 5 किलोमीटर की दूरी पर कोल्चूर एवं भरनी ग्राम स्थित है जहां पर सीसल का प्लांटेशन वन विभाग द्वारा किया गया है। सीसल एक प्लांट है जिसकी पत्तियों से रेसे निकाले जाते हैं। यह रेशे सफेद रंग के एवं मजबूत होते हैं इनसे बनने वाली रस्सियों का व्यावसायिक उपयोग समुद्री जहाज को बांधने के लिए लंगर में किया जाता है। यह रस्सियां पानी में महीनों डूबे रहने के बाद भी सड़ती नहीं हैं। इन्हीं सीसल के रेशे से विभिन्न प्रकार के सजावटी एवं उपयोगी सामान का निर्माण शिल्पकारों के द्वारा किया जाता है।

हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा स्थानीय युवक-युवतियों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की जाती है तथा हस्तशिल्प प्रदर्शनियों के माध्यम से विपणन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा संचालित बस्तर जिले के परचनपाल शिल्पग्राम में सीसल शिल्प का काम करने वाले कई परिवार निवासरत हैं।

### भूपेश बघेल द्वारा जिले के हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान स्वीकृत



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा महासमुंद जिले के अठारह हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें महासमुन्द वार्ड क्रमांक 03 के श्री प्रदीप कुमार मक्कड़, बिरकोनी के शिव शक्ति महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मुकेश्वरी साहू को एवं श्रीमती राजकुमारी साहू, श्री शत्रुघन लाल साहू, ग्राम सरायपाली के श्री अशोक बुड़ेक, ग्राम डुमरपाली के श्री बिरंची डडसेना एवं आरतो रावत, ग्राम हाथीबाहरा के श्री खूबसिंग ठाकुर, ग्राम टोंगोपानी कला के गीताबाई साहू, ग्राम अंतर्ला के श्री मायाधर कर, ग्राम अतरझोला के श्री नारद रामकृष्ण, छिब्बरा के श्री शौकीलाल बरिहा, परसकोल की श्रीमती राममोहनी भोई, अमलीडीह के श्री सुन्दर लाल सिदार, तेलीबॉधा के भोजराम खड़िया, कुकराडीह के कुमारी रूखमणी चेलक, तुमगॉव के श्रीमती सोनारीन बाई, बोरिद के श्रीमती डिगेश्वरी को स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए संबंधितों को मतदाता फोटो परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, स्वयं की दो फोटो एवं दस्तावेज संस्था का पंजीयन प्रमाण पत्र साक्ष्य के साथ संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के पास प्रस्तुत करना होगा।

### अवैध रूप से कोयला परिवहन करते ट्रेक्टर चालक को लैलूंगा पुलिस ने पकड़ा

**» आरोपी से 3 टन कोयला जप्त**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा आज दिनांक 12.03.2020 के रात्रि करीब 01:00 बजे मुखबीर सूचना पर ग्राम मढ़ियाकछार नाला के पास ट्रैक्टर की ट्राली में कोयला लोड कर ग्राम भकुर्रा की ओर परिवहन होने की सूचना पर रात्रि लैलूंगा स्टाफ द्वारा नाकेबंदी कर ट्रैक्टर के आने का इंतजार किये। करीब 1:00 बजे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 डी 0664 के आने पर रुकवाया गया जिसमें करीब 3 टन कोयला कीमती रू.12,000 का लोड था। ट्रैक्टर का चालक शिबो यादव पिता बलभद्र यादव उम्र 32 वर्ष ग्राम अमापाली थाना लैलूंगा लोड कोयले के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं करने पर आरोपी चालक के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 02/2020 धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

### फर्जी फेसबुक आई.डी. बनाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले युवक पर जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर में दिनांक 11.03.2020 को 20 वर्षीय युवती द्वारा पंकज डनसेना निवासी तिलगी के विरूद्ध छेडखानी और फोटो एडिट कर फैक फेसबुक आई.डी. बनाने के संबंध में शिकायत किया गया है।

युवती ने बताया कि कॉलेज के साथ माह दिसंबर 2019 में कम्प्युटर क्लास ज्वाईन की थी, वहीं पंकज डनसेना भी कम्प्युटर कोर्स करता था। इसी दौरान पंकज ने नीलम गुप्ता नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर उसमें युवती का अश्लील फोटो, विडियो सोशल मिडिया में भेजकर ब्लैकमेल करने लगा।

युवती विनतें करती तो उसे डराता धमकता। युवती बताई कि पंकज माह दिसम्बर सन् 2019 से लगातार इस प्रकार के फोटो, विडियों भेज-भेज कर परेशान कर रहा है। युवती के आवेदन पर से आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 43/2020 धारा 354 (घ),509 भादवि, 66 (घ) आई.टी. एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### गाँव की पगडंडियों में किसानों के चेहरे पर बिखरी उजास मुस्कान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

**» शासन की नरवा, गरुवा, घुरवा और बाड़ी योजना ग्रामीण परिवेश में खुशहाली के साथ ला रही है जागृति**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गाँव के खेत, खलिहान और पगडंडियों में किसानों और महिलाओं के चेहरे पर उजास मुस्कान है। यह दमक है खुशहाली, समृद्धि और विकास की। मिट्टी की सोंधी महक और उर्वर धरती पर लहलहाते खेतों से किसानों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन दिखाई दे रहा है। शासन की नरवा, गरुवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना किसानों के उन्नति की इबारत लिख रही है। मिट्टी में बोये बीज जब धानी चादर ओढ़ लेती है, तब यह एक संदेश होता है, उत्साह का, नवसंचार का और सामूहिक चेतना का।

**सुप्रसिद्ध शायर बशीर बद्र की यह नज्म प्रासंगिक लगती है-**

मुद्दत के बाद धूप की खेती हरी हुई
अब के बरस बरस गई बादल की ओढ़नी
अब्र के खेत में बिजली की चमकती हुई राह
जाने वालों के लिए रास्ता बना जाती है



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की अवधारणा छत्तीसगढ़ में सार्थक साबित हो रही है। प्रदेश के गाँव-गाँव में यह योजना मूर्त रूप ले रही है। पहली बार किसानों पर केन्द्रित ऐसी योजना बनी है जिससे गाँव-गाँव की तकदीर और तस्वीर बदल रही है। नये वैज्ञानिक तरीकों और बेहतरीन कृषि प्रबंधन ने कृषि कार्य में प्रगति के अनेक द्वार खोले हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल कहते हैं कि शासन किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण परिवेश को इतनी शिद्दत से समझकर पहली बार ऐसी योजना साकार हो रही है, जिसके परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं।

### थल सेना भर्ती हेतु विकासखण्ड स्तर पर दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**» थल सेना भर्ती रैली का आयोजन 16 अप्रैल को आवेदक 31 मार्च तक ऑनलाईन जमा कर सकते है आवेदन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य के युवाओं के लिए कवर्धा जिले में 16 अप्रैल 2020 से थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। थल सेना भर्ती रैली छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के साथ-साथ अपने देश की सेवा करने का एक सुनहरा अवसर है।

जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा जिले के युवाओं को शारीरिक एवं लिखित परीक्षा में दक्ष बनाने के उद्देश्य से समस्त विकासखण्डों में प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सामग्री एवं उपकरण के साथ रनिंग ट्रेक आदि तैयार कर प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ कर दी गई है। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विकासखण्ड रायगढ़ में 62 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए। इसी तरह विकासखण्ड बरमकेला में 30, लैलुंगा में 19, धरमजयगढ़ में 09, खरसिया में 19, पुसौर में 11 एवं सारंगढ़ में 11 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

जिले के विकासखण्ड बरमकेला में प्रमोद यादव, लैलुंगा में देवेन्द्र मालाकार, धरमजयगढ़ में बी.के. पाण्डेय, खरसिया में रामगोपाल पटेल, पुसौर में जीवन नायक, सारंगढ़ में के.के. ठेठवार एवं रायगढ़ में देवेन्द्र मिश्रा, आबिद साबरी, एवं अनुप टोप्पो के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन भी किया जा रहा है। जिसमें लगातार युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। थल सेना भर्ती में भाग लेने के लिए युवाओं को 31 मार्च 2020 तक ऑनलाईन पंजीयन और आवेदन करना अनिवार्य होगा। ऐसे पुरूष युवक जिनकी आयु साढ़े 17 से 23 वर्ष होगी, वे इसमें भाग ले सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया में थल सेना द्वारा निर्धारित शारीरिक मापदंड एवं शैक्षणिक योग्यता तथा भर्ती के नियम एवं शर्ते लागू होंगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायगढ़ के सहायक संचालक ने जिले के युवाओं से आग्रह किया है कि सेना भर्ती रैली प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और शारीरिक एवं लिखित परीक्षा हेतु तैयारी कर देश की रक्षा एवं स्वयं के लिए रोजगार प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठायें। जो युवा प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक हैं वो विकासखण्डों में जाकर अपना पंजीयन करा कर प्रशिक्षण ले सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-